निबंधन और शर्तें

वरिष्ठ परामर्शदाता-निगरानी और मूल्यांकन (महत्वाकांक्षी जिला इकाई)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केन्द्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद के लिए अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों से केवल संविदात्मक आधार पर आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिका और उत्तरदायित्व

वरिष्ठ परामर्शदाता स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के परिवार नियोजन प्रभाग में पदस्थ रहेगा और सीधे तौर पर उप आयुक्त, परिवार नियोजन के पर्यवेक्षण के अधीन कार्य करेगा।

इस पद के विशिष्ट उत्तरदायित्व निम्नवत हैं :

- उप आयुक्त, परिवार नियोजन, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन के तहत योजना बनाने के लिए कार्य करना, अपेक्षित जिला कार्यक्रम और विशिष्ट स्वास्थ्य कार्यकलाप प्रारम्भ करना तथा उन्हें इन जिलों में क्रियान्वित करना।
- अपेक्षित जिला कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु विभागों (केन्द्र, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र और शामिल अन्य हितधारक) से कार्यात्मक और तकनीकी आवश्यकताओं को समझना।
- एचएमआईएस, एनएफएचएस, डीएलएचएस इत्यादि जैसे विभिन्न स्रोतों से अपेक्षित जिलों के लिए आंकड़ों का मिलान करना, संकलन करना तथा उनका विश्लेषण करना।
- सहयोगी पर्यवेक्षण सॉफ्टवेयर का अनुरक्षण, सभी अपेक्षित जिलों से सहयोगी पर्यवेक्षण आंकड़ों का संकलन करना और उनका विश्लेषण करना।
- विश्लेषित और संकलित किए गए आंकड़ों के आधार पर राष्ट्रीय, राज्य और जिला तथ्यशीट उपलब्ध कराना।
- आवश्यकतानुसार संकेतक/रिपोर्टों की रूपरेखा/डेशबोर्ड/स्कोर-कार्ड विकसित करना।
- डाटा रिपोर्टिंग फॉर्मेटों, रिपोर्टों और आंकड़ों के उपयोग सहित एसएस सॉफ्टवेयर, नीति आयोग संकेतकों के विभिन्न पहलुओं के बारे में राज्य तथा जिस स्तर के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिलाना।
- निगरानी और मूल्यांकन के लिए अपेक्षित जिला कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यकलापों के प्रभाव और कार्यान्वयन मूल्यांकन के लिए विश्लेषित आंकड़ों और अन्य मानक स्रोतों से अन्तरालों की पहचान करना।
- ऑनलाइन सॉफ्टवेयर, समुदाय निगरानी और आंकड़ा त्रिकोणीयन और प्रबंधन प्रक्रियाओं के कार्यान्वयन में सहायता करना।
- विश्लेषणात्मक ढांचे को मौजूदा प्रणालियों के साथ क्रियाशील तथा एकीकृत बनाने के लिए सरकार/मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सम्पर्क करना।
- आंकड़ा गुणवत्ता की समीक्षा करने, चुनौतियों और अन्तरालों की पहचान करने तथा आंकड़ों में गलती को सुधारने के लिए राज्यों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों तथा जिलों का आवधिक क्षेत्रीय दौरा करना।
- पर्यवेक्षक द्वारा सौंपे गए अन्य कार्यों का निष्पादन।

अपेक्षित योग्यता और अनुभव

किसी भी विधा में स्नातकोत्तर (जन स्वास्थ्य/समाज विज्ञान/एमएसडब्ल्यू/सांख्यिकी में वरियता)

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन या उच्च प्राथमिकता जिलों (एचपीडी) के तहत स्वास्थ्य प्रणालियों के सुदृढ़ीकरण, कार्यक्रम आयोजना या कार्यान्वयन में कम से कम 5+ वर्ष का कार्य अनुभव।
- विशेष रूप से आम तौर पर उपयोग की जाने वाली विंडोज, एमएस ऑफिस सॉफ्टवेयर और सॉफ्टवेयर पैकेजिंग उच्च स्तर की कम्प्यूटर दक्षता की जानकारी।
- आंकड़ा एकत्रण, विश्लेषण और रिपोर्ट तैयार करने के लिए और कार्यनीतियाँ तैयार करने का अनुभव।
- सहयोगी पर्यवेक्षण उपाय तैयार करने तथा व्यापक आंकड़ा सेटों का मिलान, संकलन और विश्लेषण का अनुभव।
- एसपीएसएस, आंकड़ा त्रिभुजन, निष्पादन, जनस्वास्थ्य, राज्य की जनसांख्यिकी, जनसंख्या आदि से सॉफ्टवेयर उपकरणों का उपयोग करते हुए आंकड़ा विश्लेषण में दक्षता।
- आरएमएनसीएच+ए तथ्यशीट तैयार करने का अनुभव।
- बहु-आयामी टीम वातावरण में कार्य करने की प्रदर्शित योग्यता।
- तकनीक सहायता उपलब्ध कराने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और जिलों की यात्रा करने की इच्छाशक्ति और निर्धारित समय-सीमा के बीरत कार्यों को पूरा करने के लिए विभिन्न कार्यों को साथ-साथ करने की योग्यता।
- केन्द्रीय/राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के स्वास्थ्य विभागों में कार्य का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को वरियता दी जाएगी।

आयुः आवेदन प्राप्त होने की अन्तिम तारीख को अधिकतम आयु मा 55 वर्ष तथा क्षेत्रीय दौरे करने के लिए अच्छा स्वास्थ्य होना चाहिए।

पारिश्रमिक सीमाः 90,000/- रुपए से 1,50,000/- रुपए के बीच।

स्थानः नई दिल्ली।

आवेदन कैसे करें: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे टीओआर के साथ संलग्न आवेदन प्रपत्र जो एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है, को डाउनलोड करें तथा दिनांक **25-Sep-2019** तक आवेदन पूर्णतया भर कर rch.recruitment@gmail.com पर ई-मेल करें। अन्य रूप से भेजा गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र में आवेदित पद का उल्लेख किया गया है अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।